**भारत सरकार**

**सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या : 3117**
**उत्तर देने की तारीख : 06.08.2026**

**कर्नाटक में पीएम विश्वकर्मा योजना**

**3117. श्री ई. तुकारामः**

क्या **सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने कर्नाटक राज्य में पीएम विश्वकर्मा योजना के कार्यान्वयन की समीक्षा की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या परिणाम रहे हैं;

(ख) इस योजना के आरंभ के बाद से कर्नाटक में योजना के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों, स्वीकृत लाभार्थियों, पूर्ण किए गए कौशल प्रशिक्षण, जारी किए गए टूलकिट प्रोत्साहनों तथा स्वीकृत एवं वितरित किए गए ऋणों का बल्लारी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले जिले सहित जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या कर्नाटक में विशेष रूप से बल्लारी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में इस योजना के अंतर्गत आवेदनों पर कार्रवाई, कौशल प्रशिक्षण को पूरा करने, टूलकिट प्रोत्साहनों को जारी करने या ऋणों की स्वीकृति एवं वितरण में किसी विलंब की सूचना प्राप्त हुई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं; और

(घ) सरकार द्वारा कर्नाटक में विशेष रूप से बल्लारी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में, योजना के अंतर्गत सभी पात्र पारंपरिक कारीगरों को समयबद्ध रूप से शामिल करने के लिए क्या उपाय किए गए हैं और सभी पात्र लाभार्थियों को लाभ प्रदान करने के लिए क्या समय-सीमा निर्धारित की गई है?

**उत्तर**

**सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम राज्य मंत्री**
**(सुश्री शोभा करांदलाजे)**

(क) और (ख) : पीएम विश्वकर्मा स्कीम 18 ट्रेडों में कार्य कर रहे पारम्परिक कारीगरों और शिल्पकारों को समग्र सहायता प्रदान करने के लिए केंद्रीय क्षेत्र की एक स्कीम है। इस स्कीम की समीक्षा, स्कीम के दिशानिर्देशों के अनुसार गठित समितियों द्वारा केंद्र और राज्य स्तर पर जिसमें कर्नाटक राज्य के लिए भी शामिल है, में विभिन्न स्तरों पर की जाती है। बल्लारी लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के तहत आने वाले जिलों सहित कर्नाटक में इसकी शुरुआत से अब तक पीएम विश्वकर्मा स्कीम के तहत प्राप्त आवेदनों, पंजीकृत लाभार्थियों, पूरे किए गए कौशल प्रशिक्षण, डिलीवर किए गए टूलकिट, संस्वीकृत और संवितरित ऋणों का विवरण **अनुबंध-I** में संलग्न है।

(ग) और (घ) : पांच वर्षों में 30 लाख लाभार्थियों को कवर करने के लक्ष्य के साथ पीएम विश्वकर्मा स्कीम दिनांक 17.09.2023 को शुरु की गई थी। कर्नाटक सहित देशभर में पीएमवी के अंतर्गत पहले ही 30 लाख कारीगरों और शिल्पकारों को सफलतापूर्वक पंजीकृत किया जा चुका है। यह एक मांग-आधारित स्कीम है और स्कीम के दिशानिर्देशों के अनुसार, पात्र कारीगरों और शिल्पकारों को लाभ प्रदान किए जाते है।

******

**अनुबंध -I**

**लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 3117, जिसका उत्तर दिनांक 06.08.2026 को दिया जाना है, के भाग (क) और (ख) के उत्तर में संदर्भित अनुंबध-I**

**कर्नाटक राज्य में इस स्कीम के तहत प्राप्त आवेदनों, पंजीकृत लाभार्थियों, पूरे किए गए कौशल प्रशिक्षण, डिलीवर किए गए टूलकिट, संस्वीकृत और संवितरित ऋणों का जिला-वार विवरण (दिनांक 17.09.2023 से दिनांक 03.08.2026 तक)**

| जिला | प्राप्त आवेदनों की सं. | सफल पंजीकरणों की सं. | प्रदान किया गया आधारभूत प्रशिक्षण | संस्वीकृत ऋणों की सं. | संवितरित ऋणों की सं. | डिलीवर किए गए टूलकिटों की सं. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| बागलकोट | 95,732 | 3,877 | 3,053 | 1,047 | 908 | 2,124 |
| बेल्लारी | 1,16,337 | 23,817 | 20,838 | 5,127 | 4,241 | 18,560 |
| बेलगावी | 2,73,502 | 25,503 | 20,741 | 5,094 | 4,484 | 16,790 |
| बेंगलुरु ग्रामीण | 41,748 | 7,801 | 6,053 | 1,796 | 1,384 | 4,160 |
| बेंगलुरु शहरी | 1,81,142 | 15,026 | 10,555 | 3,648 | 2,859 | 5,362 |
| बीदर | 1,61,054 | 32,975 | 27,818 | 5,794 | 5,030 | 25,974 |
| चामराजनगर | 1,15,154 | 30,016 | 27,066 | 5,878 | 4,634 | 19,513 |
| चिक्कबल्लपुर | 1,05,135 | 21,890 | 18,674 | 3,503 | 2,543 | 16,628 |
| चिक्कामगलुरु | 51,369 | 7,131 | 6,054 | 2,568 | 2,317 | 4,070 |
| चित्रदुर्ग | 1,50,280 | 39,933 | 35,081 | 7,954 | 6,435 | 33,097 |
| दक्षिण कन्नड़ | 25,799 | 7,254 | 5,841 | 3,696 | 3,514 | 4,854 |
| दावनगेरे | 1,22,505 | 21,998 | 19,810 | 6,241 | 5,432 | 16,475 |
| धारवाड़ | 1,31,020 | 13,301 | 11,688 | 3,271 | 2,694 | 7,849 |
| गदग | 64,610 | 6,451 | 5,457 | 1,783 | 1,563 | 4,134 |
| हसन | 78,717 | 11,213 | 9,689 | 3,250 | 2,912 | 7,301 |
| हावेरी | 91,933 | 6,930 | 5,726 | 1,702 | 1,503 | 4,059 |
| कलबुर्गी | 1,10,502 | 12,334 | 10,883 | 1,953 | 1,620 | 7,655 |
| कोडागू | 11,005 | 2,623 | 2,096 | 1,171 | 1,101 | 869 |
| कोलार | 1,05,226 | 38,204 | 31,973 | 8,059 | 6,315 | 28,397 |
| कोप्पल | 1,17,151 | 17,423 | 14,837 | 3,532 | 2,690 | 13,753 |
| मंड्या | 1,15,580 | 22,410 | 19,263 | 4,811 | 4,070 | 12,681 |
| मैसूर | 1,96,602 | 34,868 | 30,584 | 6,450 | 4,816 | 22,790 |
| रायचूर | 1,43,920 | 25,371 | 22,504 | 6,157 | 5,241 | 20,551 |
| रामनगर | 46,398 | 9,377 | 8,552 | 2,745 | 2,262 | 5,955 |
| शिवमोगा | 95,341 | 16,158 | 14,248 | 5,321 | 4,627 | 10,430 |
| तुमकुरु | 2,10,187 | 65,284 | 58,200 | 14,229 | 10,993 | 40,514 |
| उडुपी | 20,492 | 7,912 | 6,774 | 4,166 | 3,885 | 5,957 |
| उत्तर कन्नड़ | 55,584 | 13,186 | 9,827 | 4,409 | 4,191 | 6,104 |
| विजयनगर | 80,936 | 15,591 | 12,579 | 3,517 | 2,703 | 11,647 |
| विजयपुरा | 57,048 | 1,674 | 1,018 | 239 | 219 | 449 |
| यादगीर | 63,303 | 14,577 | 12,189 | 2,483 | 2,018 | 9,479 |
| **समग्र कर्नाटक** | **32,35,312** | **5,72,108** | **4,89,671** | **1,31,594** | **1,09,204** | **3,88,181** |